# पंचदश

# बिहार विधान-सभा

## सप्तदश सत्र

## तारांकित प्रश्न

### वर्ग-3

बुधवार, तिथि 14 श्रावण, 1937 (श0) / 05 अगस्त, 2015 (ई0)

**प्रश्नों की कुल संख्या 79**

| | | | |
|---|---|---|---|
| (1) ग्रामीण कार्य विभाग | .. | .. | 40 |
| (2) पथ निर्माण विभाग | .. | .. | 15 |
| (3) ग्रामीण विकास विभाग | .. | .. | 02 |
| (4) जल संसाधन विभाग | .. | .. | 13 |
| (5) लघु जल संसाधन विभाग | .. | .. | 07 |
| (6) भवन निर्माण विभाग | .. | .. | 01 |
| (7) श्रम संसाधन विभाग | .. | .. | 01 |
| | कुल योग | .. | 79 |

जाँच कर कार्रवाई करना

*37. श्री (मो0) आफाक आलम- क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिला अंतर्गत किशनगंज प्रखंड के मौजाबाड़ी पाठपाड़ा बाँध का निर्माण ऐजेंडा सं0 122/189 के तहत वर्ष 2013-14 में कटाव निरोधक कार्य हुआ है ;

(2) क्या यह बात सही है कि बाँध के निर्माण में कार्य की गुणवत्ता एवं प्राक्कलन के विपरीत घटिया रोधक कार्य किया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार इसकी जाँच कराकर कार्रवाई का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

मुआवजा देना

*38. श्री राम प्रवेश राय--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिलान्तर्गत बरौली प्रखंड के ग्राम-भिखमपुर में पुल निर्माण निगम द्वारा एक बड़े पुल का निर्माण कार्य वर्ष 2007-08 में किया गया जिसमें किसानों की निजी भूमि अधिग्रहित की गयी ;

(2) क्या यह बात सही है कि किसानों को अधिग्रहित भूमि मूल्य का भुगतान पुल निर्माण निगम द्वारा अबतक नहीं किया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार किसानों के अधिग्रहित भूमि का कबतक मूल्य भुगतान करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

सड़क का निर्माण

*39. श्री दिनेश कुमार सिंह--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिला के बक्सर आरा पथ के बिहौल चौक से कटेया गाटल होते हुये रसौद बाजार से बसौर से अधर होते हुये आरा मसाढ़ पथ से महावीर गाँव तक सड़क जर्जर है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

दोषी पर कार्रवाई

*40. श्री इजहार अहमद--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिलान्तर्गत कमला बलान पूर्वी तटबंध के 103 कि0मी0 बिन्दु पर 4 करोड़ की लागत से एक स्लुईस गेट का निर्माण वर्ष 2013 में शुरू की गई जिसे अक्टूबर, 2014 में विभागीय निर्देश था ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त स्लुईस गेट का निर्माण योजना के प्राक्कलन के अनुसार नहीं किया गया है जबकि निर्माण एजेन्सी को पूरी राशि का भुगतान कर दिया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार दोषी अभियंता और एजेन्सी के खिलाफ कार्रवाई करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

## पुल का निर्माण

*41. श्रीमती सुनीता सिंह- -क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत परसौनी प्रखंड के टेमा पंचायत के मुशहरी टोला से पासवान टोला होते हुये टेमा पंचायत के महादलित टोला के पुराने बागमती नदी के ग्राम मशहरी के पास पुल नहीं होने के कारण आम जनता को आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार ग्राम मुशहरी के पास पुल निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

## सड़क की मरम्मती

*42. श्रीमती कविता कुमारी- क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीवान जिले के परवली फलपुरा सड़क जो छपरा सीवान मुख्य सड़क से जोड़ती है वह अत्यन्त ही जर्जर स्थिति में है जिसके कारण उक्त क्षेत्र की जनता को आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क की मरम्मती कबतक करवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

## सड़क का जीर्णोद्धार

*43. श्री अवधेश सिंह- क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि वैशाली जिलान्तर्गत हाजीपुर प्रखंड के शुभई हाट के मदन चौक से अखिलेश सिंह के घर तक सड़क विगत 5 वर्षों से जर्जर है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त जर्जर सड़क का जीर्णोद्धार कराने का विचार कबतक रखती है, नहीं, तो क्यों ?

## पथांश की मरम्मती

*44. श्री राजेश्वर राज- क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

(1) क्या यह बात सही है कि रोहतास जिला के विक्रमगंज चौराहा से विक्रमगंज डुमरांव पथ में $1\frac{1}{2}$ कि०मी० के पथांश का छः माह पूर्व पी०सी०सी० ढलाई कर निर्माण किया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि खंड (1) में वर्णित पथांश के दोनों ओर ईंट सोलिंग नहीं कराये जाने के कारण इस पथ पर आये दिन आवागमन अवरुद्ध हो जाता है तथा दुर्घटनाएं होती रहती हैं ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार खंड (1) में वर्णित पथांश के दोनों ओर ईंट सोलिंग कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

### नलकूप चालू करना

*45. श्रीमती रश्मि वर्मा : क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पश्चिमी चम्पारण जिलान्तर्गत नरकटियागंज प्रखंड के ग्राम भूमनगर में स्थित नलकूप विगत 5 वर्षों से बन्द रहने के कारण 2000 एकड़ भूमि में पटवन नहीं हो रहा है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त नलकूप को कबतक चालू करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

### आहर का जीर्णोद्धार

*46. श्री राजेश्वर राज : क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि रोहतास जिला के काराकाट विधान सभा क्षेत्र के तहत मोरौना, पड़सर, पाँवरा, कुसुमहरा आहर का जीर्णोद्धार पिछले चार वर्षों से नहीं किया गया है, यदि हाँ तो क्या सरकार इन आहरों को जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

### कटाव से बचाव

*47. श्रीमती भागिरथी देवी : क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बेतिया जिला के रामनगर नगर पंचायत अन्तर्गत वार्ड नं० 10 में आवागमन हेतु रामरेखा नदी पर नवनिर्मित चचरी पुल के पश्चिम दिशा में नदी का भीषण कटाव वर्ष 2013 से ही निर्बाध रूप से जारी है, जिससे निकटवर्ती मुहल्ला नदी में विलुप्त होने के कगार पर है, यदि हाँ तो क्या सरकार उक्त नदी में चचरी पुल के पश्चिम हो रहे कटाव को रोकने हेतु कटाव निरोधात्मक कार्य कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

### पथ का पक्कीकरण

*48. श्री सुरेन्द्र प्रसाद सिन्हा : क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि उग्रवाद प्रभावित गया जिला के गुरूआ विधान सभा क्षेत्र के गुरूआ प्रखंड के अंतर्गत पिपराडीह गाँव की कच्ची सड़क की स्थिति काफी जर्जर है, जिससे ग्राम लोगों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त पथ का पक्कीकरण करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पईन का जीर्णोद्धार

*49. <u>श्री प्रदीप कुमार</u>– क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नवादा जिलान्तर्गत पकरीबरावाँ प्रखंड स्थित ग्राम सामदेव–धमौल के बीच में नाटा नदी पर बना छिलका टूट गया है, जिससे ग्राम सामदेव, हरिलखाप, धमौल, रेहड़ी तथा तुर्कवन का हजारों एकड़ जमीन की सिंचाई बाधित है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त छिलका तथा संबंधित पईनों का जीर्णोद्धार कबतक करवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

सड़क की मरम्मती

*50. <u>श्री मनोहर प्रसाद सिंह</u>– क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के मनिहारी प्रखंड अन्तर्गत फतेह नगर ग्राम पंचायत के ओलीपुर से महुअर गाँव के बीच की सड़क बिल्कुल जर्जर होकर आवागमन के लायक नहीं रह गयी है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उस सड़क की मरम्मती का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पक्की सड़क का निर्माण

*51. <u>श्री (प्रो०) आफाक आलम</u>– क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि–

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिलान्तर्गत कसबा प्रखंड के संझेली पंचायत एवं सधुआ पंचायत के पनार नदी के किनारे बाँध पर पक्की सड़क का निर्माण वर्ष 2012 में किया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त बाँध पर सड़क एक वर्ष पूर्व टूटने से आवागमन बाधित हो रहा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त बाँध पर पक्की सड़क का पुनः निर्माण करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

सड़क का पक्कीकरण

*52. <u>श्री रत्नेश सादा</u>– क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सहरसा जिला अन्तर्गत सोनवर्षा प्रखंड के कोपा पंचायत के मेन सड़क के बिंद टोली से मकड़ी, मुकुन्द नगर होते हुये मुकुन्द नगर तक की सड़क जर्जर रहने के कारण आवागमन एवं जिला मुख्यालय जाने में आम जनता को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार कोपा पंचायत के मेन सड़क से मुकुन्द नगर तक की जर्जर सड़क का पक्कीकरण कबतक करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

डैटम वॉल नहीं बनाने का औचित्य

*53. श्री सदानन्द सिंह : क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिला के सन्हौला प्रखंडान्तर्गत ग्राम पंचायत माधोपुर प्रभानी अन्तर्गत पत्नी चौकी मरम्मती एवं उसमें डैटम वॉल निर्माण हेतु प्रश्नकर्त्ता सदस्य द्वारा तत्कालीन मुख्य मंत्री को पत्रांक 2195, दिनांक 26 अक्टूबर, 2013; पत्रांक 472, दिनांक 16 सितम्बर, 2014 एवं पत्रांक 131, दिनांक 26 मार्च, 2015 को पत्र लिखा गया था डैटम वॉल निर्माण व बाँध की मरम्मती की दिशा में कोई कार्रवाई नहीं की गई है, यदि हाँ, तो उक्त पत्नी बाँध की मरम्मती एवं नये डैटम वॉल नहीं बनाने का क्या औचित्य है ?

सम्पर्क पथ से जोड़ना

*54. श्री प्रेम रंजन पटेल : क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि लखीसराय जिला अन्तर्गत सुर्धौली बनकर पं० के खैरा गाँव मुख्य सड़क देवा बाँध से नहीं जुड़ सका है जिससे ग्रामीणों को आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार खैरा गाँव को सम्पर्क पथ से जोड़ने का विचार कबतक रखती है, नहीं, तो क्यों ?

कटावरोधी कार्य करना

*55. श्री सुबोध राय : क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिलान्तर्गत सुलतानगंज प्रखंड में कमरगंज से सुलतानगंज घाट तक गंगा नदी से कटाव का खतरा बढ़ता जा रहा है ;

(2) क्या यह बात सही है कि कटाव के कारण एन०एच० 80 पथ सहित सुलतानगंज गंगा घाट पर भी खतरा उत्पन्न हो गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार पथ एवं घाटों की सुरक्षा हेतु कटावरोधी कार्य कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

भवन बनाना

*56. श्री सुरेन्द्र प्रसाद सिन्हा : क्या मंत्री, भवन निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि गया जिला अन्तर्गत गुरारू प्रखंड सह अंचल का अपना भवन नहीं रहने के कारण गुरारू प्रखंड के सभी 12 पंचायतों के आमजनों को काफी कठिनाई का सामना करना पड़ता है ;

(2) क्या यह बात सही है कि गुरारू प्रखंड सह अंचल का कार्यालय गुरारू चीनी मिल्स में स्थापित है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार गुरारू प्रखंड सह अंचल का अपना भवन बनाने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

कार्य को पूरा करना

*57. श्री अच्युतानन्द—क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि वैशाली जिला के महनार कार्य प्रमंडल के अन्तर्गत एन०एच० 103 सलहा भुइया स्थान से कालापहाड़ प्राथमिक विद्यालय तक प्रधान मंत्री सड़क योजना का कार्य पूरा नहीं होने के कारण क्षेत्र की जनता को आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उपरोक्त सड़क निर्माण के कार्य को पूरा कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

आवागमन बहाल करना

*58. श्री पवन कुमार जायसवाल—क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पश्चिमी चम्पारण के ढाका से पकड़ी दयाल मुख्य पथ जर्जर होने के कारण प्रतिदिन दर्जनों दुर्घटनाएं होते रहती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त जर्जर पथ का निर्माण कराकर आवागमन बहाल कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

सड़क का कालीकरण

*59. श्री रमेश ऋषिदेव—क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधेपुरा जिलान्तर्गत कुमारखंड प्रखंड के रानीपट्टी केवरी नहर के मुख्य मंत्री सड़क योजनान्तर्गत गोपालपुर जोगी यादव के दुकान के पास से शिव मंदिर से टेंगरहा सिकिया होते हुये परसाही में लक्ष्मीनिया एन० एच० रोड का कालीकरण नहीं होने से आम जनता को आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क का कालीकरण कराने का विचार कबतक रखती है, नहीं, तो क्यों ?

डी०पी०आर० नहीं बनाने का औचित्य

*60. श्रीमती गुड्डी देवी—क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला अन्तर्गत रून्नीसैदपुर प्रखंड के सहबाज नगर से मधौल आनेवाली पथ में बागमती नदी के उप धारा में पुल का निर्माण हेतु पी०एम०जी०एस०वाई० मिसींग ब्रीज योजना अन्तर्गत वर्ष 2014 में सम्मिलित कर डी०पी०आर० अबतक तैयार नहीं किया गया है, यदि हाँ, तो उक्त योजना का डी०पी०आर० आजतक नहीं तैयार करने का क्या औचित्य है ?

### सड़क का निर्माण

*61. श्री विरेन्द्र कुमार सिंह : क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि

(1) क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिलान्तर्गत चतरा से हरिहरगंज भाया परसावां, नबीनगर, टंडवा पथ को एल0 डब्लू ई फेज 2 में सम्मिलित कर 2011 में भारत सरकार को भेजा गया है, परन्तु उक्त पथ के निर्माण की अभीतक स्वीकृति नहीं प्राप्त हुई है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त पथ की हालत जर्जर है जिससे आम जनता को भारी कठिनाई होती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ तो कबतक ?

---

### कटाव से बचाव

*62. श्रीमती भागिरथी देवी : क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बेतिया जिला के रामनगर प्रखंडान्तर्गत ग्राम इमिरती कटहरवा का वर्ष 2013 से ही मसान नदी से भीषण कटाव निर्बाध रूप से जारी रहने के चलते उक्त ग्राम नदी में विलुप्त होने के कगार पर है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त ग्राम को बचाने हेतु कटाव निरोधात्मक कार्य कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

### नलकूप लगाना

*63. श्री नीतीश मिश्रा : क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिले के अंतर्गत झंझारपुर, लखनौर एवं मधेपुर प्रखंड के ककना, संग्राम, मेहथ, महीनाथपुर, लोहना उत्तर, लोहना दक्षिण, सिमरा, ललिया, दीप पूर्वी, लौफा, प्रसाद, वाकी नीट भगवानपुर, परतापुर पंचायतों में नये राजकीय नलकूप लगाने हेतु योजना विगत तीन वर्षों से लंबित है, जिसके कारण स्थानीय किसानों को सिंचाई करने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक, उक्त प्रखंडों में वर्णित पंचायतों में नलकूप लगाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

### पुल का निर्माण

*64. श्री गोपालजी ठाकुर : क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिलान्तर्गत बिरौल प्रखंड के कमलानदी, सोहाघाट का पुल क्षतिग्रस्त रहने के कारण आवागमन बाधित है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त पुल का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है ?

## पुल का निर्माण

*65. श्री पदम पराग राय वेणु : क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि अररिया जिलान्तर्गत फारबिसगंज प्रखंड के परमान नदी के पिपरा घाट पर आर० सी० सी० पुल नहीं है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त पुल का निर्माण नहीं होने से अति पिछड़ा बाहुल्य क्षेत्र के आम जनता को आवागमन में कठिनाई होती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार पिपराघाट पर पुल का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

## पुलिया का निर्माण

*66. श्रीमती नीता चौधरी : क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग,यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुंगेर जिला प्रखंड संग्रामपुर पंचायत दीनारगंज के ग्राम जनकपुर के चन्द्रपुरा डाँड़ में पुलिया का निर्माण नहीं होने से आवागमन बाधित है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त पुलिया का निर्माण कराने का विचार कबतक रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

## सड़क का पक्कीकरण

*67. श्री सदानन्द सिंह : क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि

(1) क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिला के सन्हौला प्रखंडान्तर्गत ग्राम मदारगंज आर० ई० ओ० पथ से ग्राम ठेठरा जाने हेतु कच्ची सड़क है ;

(2) क्या यह बात सही है कि इस गाँव की आबादी लगभग 1000 हजार से अधिक है और पथ की लम्बाई मात्र 1.1/4 (सवा किलोमीटर) (1250 मीटर) की है बरसात के दिनों में यह गाँव गंगा नदी में पानी बढ़ने के टापू के स्वरूप में परिवर्तित हो जाता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त वर्णित सड़क की पक्कीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

## बाँध का बचाव

*68. श्री अब्दुल गफूर : क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि विगत 15 वर्षों से पूर्वी बाँध कोसी के 82 वीं किलो मीटर पर सुरक्षा कार्य जल संसाधन विभाग से कराया जा रहा है ;

(2) क्या यह बात सही है कि इस काम में अबतक दस करोड़ से अधिक का व्यय हुआ है, फिर भी इस साल बाँध के टूटने का खतरा पैदा हो गया है ;

(3) क्या यह बात सही है कि बाँध टूटने से इस क्षेत्र में प्रलय का माहौल बन जायेगा। यदि उक्त बात सही है तो सरकार कोसी बाँध को बचाने के लिये कौन सा कदम उठा रही है।

सड़क की मरम्मती

*69. श्रीमती मुन्नी देवी-- क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि कार्य प्रमंडल, जगदीशपुर, जिला-भोजपुर के अंतर्गत जर्जर सड़कों की मरम्मती हेतु कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, जगदीशपुर के पत्रांक शून्य, दिनांक 8 अगस्त, 2013 द्वारा अधीक्षण अभियंता, आरा को एवं अधीक्षण अभियंता, आरा के पत्रांक 992, दिनांक 30 सितम्बर, 2013 द्वारा सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग को प्राक्कलन के साथ प्राथमिकता सूची सौंपने के बाद भी आजतक किसी सड़क की मरम्मती नहीं कराया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, जगदीशपुर के द्वारा उक्त जर्जर सड़कों की मरम्मती हेतु पुनः पत्रांक 670, दिनांक 6 नवम्बर, 2014 अधीक्षण अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य अंचल, आरा को प्राक्कलन सहित अग्रसारित करने के बावजूद आजतक उक्त सड़कों की मरम्मती नहीं हुई है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो उक्त कार्य प्रमंडल के अंतर्गत आने वाले सड़कों की मरम्मती नहीं करने का क्या औचित्य है ?

--------

पथांश का जीर्णोद्धार

*70. श्री अरुण कुमार सिन्हा-- क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पटना के न्यू बाईपास से सटे रामकृष्णा नगर, थाना कॉलनी, सोरंगपुर, शेखपुरा, भोगीपुर आदि इलाकों को कंकड़बाग से जोड़ने वाला पथ न्यू बाईपास से कंकड़बाग टेंपू स्टैंड पथ के नाम से जाना जाता है ;

(2) क्या यह बात सही है कि खंड (1) में वर्णित सड़क का न्यू बाईपास से द्वारिका कॉलेज तक का पथांश पिछले दो वर्षों से जर्जर है जिसके कारण हजारों लोगों को प्रतिदिन आवागमन में बाधा हो रही है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार खंड (2) में वर्णित पथांश के जीर्णोद्धार का कबतक विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

दोषी पर कार्रवाई

*71. श्री अरूण शंकर प्रसाद-- स्थानीय हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 17 मई, 2015 को प्रकाशित शीर्षक ''चार साल की देरी पर 5 अरब का झटका'' को ध्यान में रखते हुये क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बागमती प्रोजेक्ट के निर्माण कार्य में चार साल विलम्ब होने के कारण राज्य सरकार को पाँच अरब का नुकसान हुआ है तथा उक्त प्रोजेक्ट के फेज 2 के तहत 54 कि०मी० लम्बाई में तटबंध का निर्माण होना था जिसके लिये जल संसाधन विभाग को रिवाइज्ड एस्टीमेट 1,280 करोड़ का भेजा गया है जो प्रारंभ में यह एस्टीमेट मात्र 792 करोड़ का था ;

(2) क्या यह बात सही है कि वर्ष 2009 में प्रारंभ किये गये फेज-टू के तहत निर्माण को तीन वर्षों की अवधि में कार्य पूरा किया जाना था जो 2011 में तत्कालीन मुख्य मंत्री के निरीक्षण और आश्वासन के बाद भी आजतक पूरा नहीं होने से सरकार को अरबों का नुकसान हो रहा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार बागमती प्रोजेक्ट फेज टू के निर्माण में विलम्ब के लिये दोषी अधिकारियों को चिन्हित कर कौन-सी कार्रवाई करना चाहती है ?

--------

पुल का निर्माण

*72. श्रीमती (प्रो०) उषा सिन्हा-- क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिला के हिलसा प्रखंड अंतर्गत हिलसा-रेढ़ी पथ से पेंदापुर पथ में अवस्थित पखनपुर ग्राम-पैन में पुल नहीं होने के कारण सड़क से सम्पर्क नहीं हो पाया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि सम्पर्क सड़क के अभाव में ग्रामीणों को आवाजाही, माल ढुलाई तथा कृषि कार्य में असुविधा हो रही है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार पखनपुर गाँव के पूरब पैन में पुल निर्माण कर ग्रामीणों को सम्पर्क सड़क की सुविधा प्रदान करना चाहती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

### कटाव की रोक-थाम

*73. श्री अब्दुस सुबहान--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिलान्तर्गत बायसी प्रखंड में महानन्दा, कनकई एवं प्रवाण नदियों से ग्राम-मालोपाड़ा, बनगामा, डंगराहा, यादवटोली; मड़वा, तासाबाड़ी, चकला, चन्द्रकांव, महम्मदपुर, खपड़ा, मधुरापुर, पुरन्दालस, मझुआ, पहाड़िया, हाथीबंधा, पानी सदरा, बैरिया, खुटिया एवं गोट फोर गाँवों के कटाव से सैकड़ों परिवार वर्तमान वर्ष में विस्थापित हो चुके है ;

(2) क्या यह बात सही है कि पूरब टोला मझुआ नियामतपुर में बाँस पाइलिंग की योजना थी जिसमें बाँस पाइलिंग के अधूरा कार्य को पूर्ण नहीं किया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त सभी कटावग्रस्त गाँवों को बचाव के लिये सुरक्षा बाँध एवं बांस पाइलिंग के अधूरे कार्यों को पूर्ण कराकर कटाव की रोक-थाम करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

### आवागमन चालू करना

*74. श्री अब्दुस सुबहान--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिलान्तर्गत बायसी प्रखंड स्थित पी0डब्लू0डी0 सड़क से बरैली गाँव, एन0एच0 31 बायसी से मझुआ नियामतपुर, फुटानी चौक से मड़वां गाँव, पी0डब्लू0डी0 सड़क से कुनहरवा गाँव प्रधान मंत्री सड़क योजना में स्वीकृत होने के बाद जून, 2015 में संवेदक द्वारा दोनों तरफ से मिट्टी डालकर आगे कार्य को बन्द कर दिया है जिसके चलते आवागमन पूर्णतः बन्द है ;

(2) क्या यह बात सही है कि डगरूआ प्रखंड के बभनी से सोनापुर ग्राम तक प्रधान मंत्री सड़क का ईंट संवेदक द्वारा उखाड़ दिया गया है और सड़क के दोनों किनारे मिट्टी डालकर कार्य बन्द कर दिया है जिससे विगत दो माह से आवागमन पूर्णतः बन्द है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त वर्णित सड़कों को चालू करने हेतु कौन-सी कार्रवाई कबतक करना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

### पथ की मरम्मती

*75. श्री जवाहर प्रसाद--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि रोहतास जिला के प्रखंड सासाराम के अमरा तालाब बभनपुरवा पथ की हालत जर्जर है जिससे आवागमन बाधित रहता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त पथ का कबतक मरम्मती या निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

### स्लूईस गेट का निर्माण

*76. श्री नीतीश मिश्रा--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिले के लखनौर प्रखंड अन्तर्गत तमुरिया पंचायत में ठकुआ बाँध के पास सुपेन नदी पर स्लूईस गेट का निर्माण एवं लखनौर पश्चिमी पंचायत के बेलही चौड़ी में कोकराही नदी पर स्लूईस गेट नहीं रहने के कारण बरसात के बाद पानी नदी में बह कर चली जाती है, जिससे किसानों को फसल की सिंचाई में काफी नुकसान होता है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उपरोक्त दोनों स्लूईस गेट निर्माण से संबंधित अधीक्षण अभियंता योजना एवं मॉनिटरिंग अंचल 2 जल संसाधन विभाग, पटना ने अपने पत्रांक मो0 2(5)28/2006 भाग-II-535, दिनांक 22 मई, 2014 एवं पत्रांक मो0 2(5)28/2006 भाग-II-536, दिनांक 22 मई, 2014 के द्वारा मुख्य अभियंता जल संसाधन विभाग, दरभंगा एवं मुख्य अभियंता जल संसाधन विभाग, समस्तीपुर से प्रतिवेदन की माँग की थी जो अभीतक अप्राप्त है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उपरोक्त दोनों स्लूईस गेट का निर्माण कराने का विचार रखती है; हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

सड़क का चौड़ीकरण

*77. श्री विनोद कुमार सिंह--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि कटिहार जिले के आजम नगर प्रखंड अन्तर्गत शालमारी से आजम नगर तक पथ निर्माण विभाग की 12 कि0 मी0 लम्बी सड़क की चौड़ाई मात्र 8 से 9 फीट है, जिसकी वजह से आये दिन दुर्घटनाएँ होती रहती हैं ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त सड़क बारसोई अनुमण्डल की सबसे महत्वपूर्ण सड़क होने के कारण 6 लाख लोगों को आवागमन में घोर असुविधा हो रही है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त सड़क का चौड़ीकरण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

पथ की मरम्मती

*78. श्री जितेन्द्र कुमार--क्या मंत्री ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि नालंदा जिला के अस्थावाँ विधान-सभा क्षेत्र के प्रखंड सरमेरा में ग्राम-कोतरा से गोपालबाग एवं अस्थावाँ प्रखंड के एन0 एच0 82 से ग्राम-कुलती तक तथा एन0 एच0 82 से ग्राम-माफी तक ग्रामीण कार्य विभाग की पथ है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उपर्युक्त तीनों सड़कें काफी जर्जर एवं ध्वस्थ है, जिससे आवागमन पूरी तरह बाधित है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उपर्युक्त तीनों पथों को कबतक मरम्मती कराकर आवागमन बहाल करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

नाला का निर्माण

*79. श्री संजय सिंह (टाइगर)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राष्ट्रीय उच्च पथ संख्या 84 के आरा-बक्सर के बीच उदवंतनगर प्रखंड अन्तर्गत गजराज गंज बाजार में सड़क के दोनों तरफ दुकान तथा आवास है ;

(2) क्या यह बात सही है कि पथ के उच्चीकरण होने से तथा नाला का निर्माण नहीं होने से दुकान तथा आवास में पानी जमा हो जाता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार गजराज गंज बाजार में पथ के दोनों ओर नाला का निर्माण कराने का विचार रखती है ?

---

पुल का जीर्णोद्धार

*80. श्री अरूण कुमार सिन्हा--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि पटना के सैदपुर नहर स्थित शनिचरा पुल नौ माह पूर्व धंस जाने के कारण इस क्षेत्र के लोगों को आवागमन में काफी कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त पुल के जीर्णोद्धार का विचार कबतक रखती है, नहीं, तो क्यों ?

कटाव से बचाव

*81. श्री मनोहर प्रसाद सिंह--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के अमदाबाद प्रखंड अन्तर्गत जंगलाटाल पंचायत के डकरा इंगलिश गाँव के पास महानन्दा नदी से कटाव जोरों पर है और पूरे गाँव तथा बाँध के कट जाने का खतरा है, यदि हाँ, तो क्या सरकार कटाव से बचाव का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पथ का जीर्णोद्धार

*82. श्री प्रदीप कुमार--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग,यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि नवादा जिलान्तर्गत पकरीबरावाँ प्रखंड स्थित पी० एम० जी० एस० वाई० पथ धमौल, धरहरा पथ, कचना रूपौ पथ एवं पकरीबरावाँ हथियारी पथ एवं वारिसलीगंज प्रखंड के धरिचापुर पैंगरी पथ की स्थिति काफी जर्जर है, जिससे वाहनों के परिचालन पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त पथों का जीर्णोद्धार/मरम्मती करवाने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

आवागमन बहाल करना

*83. श्री सचीन्द्र प्रसाद सिंह--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला के केसरिया प्रखंड के एन० एच० 28 धनगढ़हा से संग्रामपुर प्रखंड के भवानीपुर बाजार तक की सड़क की स्थिति जर्जर होने से बरसात के दिनों में सड़क बन्द हो जा रहा है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त सड़क को ठीक करा कर आवागमन सुचारु कराने का विचार कबतक रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

आवागमन चालू करना

*84. श्रीमती मुन्नी देवी--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिलान्तर्गत शाहपुर प्रखंड के चेनवलिया रमडीहरा के बीच नदी में बना पुल वर्ष 2013 में आयी बाढ़ में टूट गया है, जिससे आवागमन बाधित है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त पुल पथ निर्माण विभाग से सड़क पर अवस्थित है और वर्ष 2013 से आवश्यक विभाग द्वारा कोई कार्रवाई नहीं किया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक उक्त पुल एवं एप्रोच का निर्माण कराकर आवागमन सुचारु करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

### सड़क का निर्माण

*85. <u>श्री अरूण शंकर प्रसाद</u>--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत मधुबनी से कलुआही जाने वाली मुख्य सड़क गड्ढा में तब्दील हो चुका है जिसके कारण प्रतिदिन सड़क दुर्घटना घटती रहती है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त सड़क से मधुबनी से कलुआही की दूरी 10 से 15 मिनट की है परन्तु सड़क क्षतिग्रस्त रहने से एक घंटा से अधिक का समय मधुबनी से कलुआही जाने में लगता है जिसके कारण पचास हजार से अधिक की आबादी का यातायात प्रभावित हो रहा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त सड़क का निर्माण कबतक कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

### सड़क की मरम्मती

*86. <u>श्री वीरेन्द्र कुमार सिंह</u>--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिलान्तर्गत नवीनगर विधान-सभा के सिरोस से नवीनगर सड़क की मरम्मती हेतु निविदा वर्ष 2014-15 में हुआ है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त पथ का निविदा निष्पादन नहीं होने से आम जनता को जर्जर पथ के कारण आवागमन में भारी कठिनाई हो रही है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त सड़क का निविदा का निष्पादन शीघ्र कराकर मरम्मती कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

### आवागमन बहाल करना

*87. <u>श्री रत्नेश सादा</u>--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सहरसा जिलान्तर्गत सोनवर्षा प्रखंड के डेहद पंचायत के मोहनपुर महादलित टोला के पूरब तीन धार महादलित बस्ती होते हुये सहसौल तक की सड़क काफी जीर्ण-शीर्ण अवस्था में है जिसके कारण आवागमन काफी प्रभावित है, यदि हाँ, तो क्या सरकार तीन धार महादलित बस्ती होते हुये सहसौल तक पक्की सड़क का निर्माण कराकर आवागमन बहाल करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

### सड़क का पक्कीकरण

*88. <u>श्रीमती सुनीता सिंह</u>--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत परसौनी प्रखंड के बिशुनपुर टेमा पंचायत के ग्राम-मशहरी के हनुमान मंदिर होते हुये महादलित टोला होते हुये पश्चिम माँझी टोला तक सड़क कच्ची है। सड़क कच्ची होने के कारण आम जनता को आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त सड़क का पक्कीकरण कराने का विचार रखती है, कबतक, नहीं, तो क्यों ?

छिलका का निर्माण

*89. श्री जितेन्द्र कुमार—क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नालंदा जिला के कतरीसराय प्रखंड में मुंशी नदी पर अवस्थित छिलका विगत दस वर्षों से ध्वस्त है जिसका निर्माण नहीं होने से हजारों एकड़ भूमि सिंचाई से वंचित है तथा बिन्द प्रखंड के बिसुनपुर छिलका जो गोंदवाँ नदी पर अवस्थित है 15 वर्षों से ध्वस्त है जिससे एक हजार हेक्टेयर भूमि सिंचाई कार्य से वंचित है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त दोनों छिलका का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पी०सी०सी० कराना

*90. श्री दुर्गा प्रसाद सिंह—क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिला के उजियारपुर प्रखंड के अंतर्गत नाजिरपुर ग्राम के दुर्गा राम (नाजिरपुर हाट) के घर से नाजिरपुर,पंचायत भवन होते हुये (बाबू पोखर) मखनियाँ टोला रोड चपता का सड़क जर्जर है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क का पी०सी०सी० कराने का विचार कबतक रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

साइफन की मरम्मती

*91. श्री अब्दुल बारी सिद्दिकी—क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत रहिका प्रखंड के ग्राम डुमरी स्थित काकरघाटी कैनाल में तीन स्थानों पर साइफन बना हुआ है जिसका उद्देश्य पानी का बहाव करना था ;

(2) क्या यह बात सही है कि वर्णित साइफन में सुराख रहने के कारण पानी के रिसाव होने से डुमरी ककरौल और मलंगिया मौजे की 600 एकड़ भूमि में लगी फसल बर्बाद हो जाती है ;

(3) क्या यह बात सही है कि उक्त साइफन की मरम्मती हेतु प्रश्नकर्त्ता सदस्य के पत्रांक 78 का/12, दिनांक 15 फरवरी, 2012 द्वारा विभागीय मंत्री को पत्र लिखा गया था ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो साइफन की मरम्मती नहीं करने का क्या कारण है तथा सरकार कबतक उसकी मरम्मती कराने का विचार रखती है ?

--------

राशि खर्च नहीं करने का औचित्य

*92. श्री इजहार अहमद—स्थानीय हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 21 जून, 2015 को प्रकाशित शीर्षक ''यहाँ तो गरीब झोपड़ियों में, हाकिम अट्टालिकाओं में'' को ध्यान में रखते हुये क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिलान्तर्गत गरीबों को आवास मुहैया कराने हेतु इंदिरा आवास योजना दशकों से यहाँ चलाई जाती है पर प्रतिवर्ष निर्धारित लक्ष्य कभी पूरा नहीं होता तथा राशि बच जाती है ;

(2) क्या यह बात सही है कि गत वित्तीय वर्ष 2014-15 में 16,549 इंदिरा आवास का निर्माण करना था, परन्तु मात्र 14,955 आवास का निर्माण हो सका तथा इस मद में जिले के पास 13,493.31 लाख रुपये थे जिसमें पूर्व के 8,979.31 लाख रुपये शामिल है जबकि 6,114.56 लाख रुपये ही खर्च किये जा सके यानि 7,378.75 लाख रुपये अवशेष रह गये जो खर्च की गई राशि से अधिक है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो इसका क्या औचित्य है ?

पानी नहीं छोड़ने का औचित्य

*93. श्रीमती रश्मि वर्मा—क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पश्चिमी चम्पारण जिलान्तर्गत नरकटियागंज प्रखंड के चेलवा साठी नहर में विगत 5 वर्षों से सिंचाई हेतु पानी नहीं छोड़ा जा रहा है, जिसके कारण 150 गाँवों का पटवन नहीं हो रहा है, यदि हाँ, तो उक्त नहर में पानी नहीं छोड़ने का क्या औचित्य है ?

---

सड़क की मरम्मती

*94. श्री संजय सिंह (टाईगर)—क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिलान्तर्गत एस0 एच0 81 से पंडरा, रामपुर, बिछियांव, धरमपुर, काकन डिहरा, मनियव खोपिरा आदि गाँवों को जोड़ते हुये आरा-सहार मुख्य सड़क तक जानेवाली सड़क जर्जर रहने के कारण आवागमन बाधित है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त सड़क के अनुरक्षण हेतु डी0 पी0 आर0 बनने के बावजूद सड़क की मरम्मती कार्य शुरू नहीं हुआ है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त सड़क की मरम्मती कबतक कराने का विचार रखती है ?

---

सड़क बनाना

*95. श्री सुरेन्द्र मेहता—क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिले के बेगूसराय प्रखंड में रचौड़ा एस0 एच0 से चान्दपुरा ग्राम तक की सड़क जर्जर हो चुकी है, जिससे आम लोगों को आने-जाने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त सड़क को बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पथ का जीर्णोद्धार

*96. श्री अवधेश सिंह—क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि वैशाली जिलान्तर्गत हाजीपुर प्रखंड के शुभई चौक के राधे राय के घर होते हुये मो0 नईम के घर तक जाने वाली पथ विगत 12 वर्षों से जर्जर है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त पथ का जीर्णोद्धार कराने का विचार कबतक रखती है, नहीं, तो क्यों ?

सड़क बनाना

*97. श्री सुरेन्द्र मेहता--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बेगुसराय जिले के बीरपुर प्रखंड के जीनपुर ग्राम-बौथ होते हुये नौला मञ्जवा, चंदिया ग्राम तक की सड़क जर्जर हो चुकी है, जिससे हजारों लोगों को जिला मुख्यालय आने-जाने में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क को बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

आवागमन चालू कराना

*98. श्री रामप्रवेश राय--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग,यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिला के मांझा प्रखंड अन्तर्गत एन0 एच0 28 भड़कुईयाँ से मांझा बाजार होते हुये ग्राम कर्णपुरा पी0 डब्लू0 डी0 पथ तक जाने वाली आर0 ई0 ओ0 सड़क बिल्कुल क्षतिग्रस्त हो गई है, यदि हाँ तो सरकार उक्त सड़क का पुनर्निर्माण कराकर आवागमन चालू कराने का कबतक विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पथ का जीर्णोद्धार

*99. श्री दिनकर राम--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिला के रहुई प्रखंडान्तर्गत् रहुई से गंजपर ग्राम तक जानेवाली ग्रामीण पथ में डोहरा मोड़ से रहीमपुर ग्राम तक लगभग डेढ़ किलो मीटर सड़क विगत वर्ष पंचाने नदी में आई भीषण बाढ़ के कारण गड्ढे में तब्दील हो गया है, जिससे गंजपर, कुतुबपुर, रहीमपुर, गोथरिया, सलेमपुर, चन्दौरा सहित दर्जनों ग्रामों को आवागमन में कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त पथ का जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

केन्द्र की स्थापना

*100. श्री जवाहर प्रसाद--क्या मंत्री, श्रम संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि रोहतास जिलान्तर्गत तिलौथू, सासाराम, चेनारी, नौहट्टा एवं रोहतास प्रखंड मुख्यालय में आई0 टी0 आई0 कॉलेज तथा किसी भी पंचायत में कौशल विकास केन्द्र की स्थापना नहीं होने से छात्रों को तकनीकी शिक्षा से वंचित होना पड़ रहा है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सभी प्रखंडों के मुख्यालय में सरकारी आई0 टी0 आई0 कॉलेज एवं पंचायत स्तर पर कौशल विकास केन्द्र की स्थापना कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पुल का निर्माण

*101. श्री (मो0) आफाक आलम--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिलान्तर्गत कसबा प्रखंड के संझेली पंचायत के कदवा गाँव के पूरब भेसना घाट में आर0सी0सी0 पुल नहीं होने के कारण पूर्णियाँ एवं श्रीनगर प्रखंड के आम जनता को आवागमन में काफी कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त स्थल पर आर0सी0सी0 पुल का निर्माण कराने का विचार कबतक रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पथ का निर्माण

*102. श्री तारकिशोर प्रसाद--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि ग्रामीण कार्य प्रमंडल, कटिहार अन्तर्गत कटिहार प्रखंड के बठेली-खैरा ग्रामीण पथ में वित्तीय वर्ष 2011-12 में 1.2 किलो मीटर पथ एवं परतैली चौक से हफलागंज-कुरैठा विभागीय पथ में वित्तीय वर्ष 2012-13 में 1 कि0मी0 पथ का निर्माण कार्य किया गया था ;

(2) क्या यह बात सही है कि अभीतक दोनों पथों में एक-एक किलो मीटर अवशेष मिसिंग लिंक पथ का निर्माण कार्य लंबित है ;

(3) क्या यह बात सही है कि दोनों पथों के अवशेष भाग में सुदृढ़ीकरण नहीं होने से ग्रामीणों को आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक उक्त दोनों पथों के अवशेष मिसिंग लिंक पथों का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

प्रखंड बनाना

*103. श्री दुर्गा प्रसाद सिंह--क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिला के उजियारपुर प्रखंड में 28 पंचायत है जो लगभग 30 कि0मी0 दूर तक है, यदि हाँ, तो क्या सरकार योजनाओं के कार्यान्वयन की कठिनाई को देखते हुये उजियारपुर प्रखंड के अंगार घाट को प्रखंड बनाने का कबतक विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पथ का निर्माण

*104. श्री प्रेम रंजन पटेल--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि लखीसराय जिलान्तर्गत सूर्यगढ़ा प्रखंड के गौसपुर गाँव को पोखरामा सूर्य मंदिर मुख्य सड़क से सम्पर्क पथ के निर्माण की स्वीकृति मुख्य मंत्री ग्रामीण सम्पर्क योजना के तहत वर्ष 2013 में दिया गया था ;

(2) क्या यह बात सही है कि मुख्य सड़क से गाँव के सम्पर्क पथ का निर्माण अबतक नहीं कराया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार गौसपुर को पोखरामा सूर्य मंदिर मुख्य सड़क से गाँव के सम्पर्क पथ का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

ट्रैक (सड़क) बनाना

*105. श्री रामानन्द यादव--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पटना जिलान्तर्गत दीदारगंज से बख्तियारपुर पथ पटना स्टेट हाईवे पथ है ;

(2) क्या यह बात सही है कि दीदारगंज से सटे एन0एच0 30 फोर लेन पर टोल टैक्स की वसूली होती है ;

(3) क्या यह बात सही है कि दीदारगंज से बख्तियारपुर पथ पर आने-जाने वाले निजी फोर व्हीलर या ट्रक, बस से टोल टैक्स वसूला जाता है जबकि दीदारगंज से बख्तियारपुर पथ पटना स्टेट हाईवे पथ के अन्तर्गत आता है और स्टेट हाईवे पर टोल टैक्स वसूलना सरकार के प्रावधान के खिलाफ है ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार दीदारगंज से बख्तियारपुर पथ को टैक्स मुक्त कराने हेतु अलग ट्रैक (सड़क) बनाने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

मेन सड़क से जोड़ना

*106. श्रीमती कविता कुमारी--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीवान जिलान्तर्गत सिसवन प्रखंड के सहुली से माहपुर सड़क को सिसवन मेन सड़क से नहीं जोड़ा गया है जिसके कारण उक्त क्षेत्र के जनता को आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार सहुली से माहपुर सड़क को सिसवन मेन सड़क से जोड़ने का विचार कबतक रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का कालीकरण

*107. श्री रमेश ऋषिदेव--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधेपुरा जिलान्तर्गत कुमारखंड के बेलारी रोड नं0 18 से बी0 कोरलाही होते हुये केवटगामा चौक का सड़क कालीकरण नहीं किया गया है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क का कालीकरण कराने का विचार कबतक रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का निर्माण

*108. श्री गोपालजी ठाकुर--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिलान्तर्गत बेनीपुर प्रखंड के बहेड़ा पी0डब्ल्यू0डी0 सड़क से डाकबंगला, बेलाडीह होते हुये प्रक्रियाधीन पावर ग्रिड तक सड़क नहीं रहने के कारण आवागमन बन्द है जिससे लोगों को कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है ?

### सड़क की मरम्मती

*109. श्री राजकुमार राय--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिलान्तर्गत हसनपुर विधान-सभा क्षेत्र के गढ़पुरा से सखवा 81 नं0 रोड जर्जर हालत में है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क की मरम्मती का कार्य कबतक करवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

### निविदा नहीं निकालने का औचित्य

*110. श्रीमती गुड्डी देवी--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत रून्नीसैदपुर प्रखंड के गंगवारा से टिकौली पथ का डी0 पी0 आर0 जनवरी, 2015 में तैयार कर लिया गया है, लेकिन आजतक निविदा नहीं निकाला गया है, यदि हाँ, तो उक्त पथ की निविदा आजतक नहीं निकालने का क्या औचित्य है ?

---

### सड़क का पक्कीकरण

*111. श्री अम्बिका सिंह--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-क्या यह बात सही है कि कैमूर जिला के दुर्गावती प्रखंड के बिछिया गाँव से असुढ़ा गाँव तक का सड़क कच्ची एवं जर्जर है, जिससे सालोंभर कीचड़ एवं पानी लगा रहता है, जिससे आम जनता को आवागमन में कठिनाई का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क का पक्कीकरण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

### सड़क का जीर्णोद्धार

*112. श्री विनोद कुमार सिंह--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि कटिहार जिलान्तर्गत शरीफगंज-कत्त नगर से बरी बथना, रईया टोला होते हुये मनशाही चौक तक 5 कि0 मी0 की महत्वपूर्ण सड़क 2008 से ही काफी जर्जर हो चुकी है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त सड़क के जर्जर होने के कारण कटिहार, मनशाही तथा मनिहारी प्रखंडों के 2 लाख नागरिकों को आवागमन में घोर असुविधा हो रही है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त सड़क का जीर्णोद्धार करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

सड़क बनाना

*113. श्री रामनारायण मंडल--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भागलपुर-हंसडीहा मुख्य सड़क मार्ग बाँका जिले के राजावार मोर से रजौन, पुनसिया, खड़हरा, बाराहाट, बौंसी, मल्जोर तक सड़क विगत डेढ़ वर्ष से जर्जर है जिससे जनता को लगातार हो रहे जाम के कारण काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है एवं आये दिन इस सड़क पर दुर्घटना घटती रहती है, यदि हाँ, तो सरकार सड़क को बनाने का कबतक विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

नलकूप चालू करना

*114. डॉ0 अच्युतानन्द--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि वैशाली जिला के जन्दाहा एवं महनार प्रखंडों में पूर्व से 13 राजकीय नलकूप निर्मित हैं जो वर्तमान अकार्यरत है, यदि हाँ, तो सरकार उपरोक्त अकार्यरत राजकीय नलकूपों को कबतक चालू कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

स्पीड ब्रेकर बनाना

*115. श्री अब्दुल गफूर--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सहरसा जिला के महेशी प्रखंड के अन्तर्गत बलुवाहा से गनडौल जाने वाली सड़क में बोहरवा चौक पर भगुआ चौक और कमराह चौक पर स्पीड ब्रेकर नहीं रहने के कारण रोजाना दुर्घटना होती रहती है, यदि हाँ, तो सरकार बलुवाहा से गनडौल जाने वाली सड़क के बोहरवा चौक, भगुआ चौक और कमराह चौक पर स्पीड ब्रेकर कबतक बनाना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पटना:
दिनांक 5 अगस्त, 2015 (ई0) ।

हरेराम मुखिया,
प्रभारी सचिव,
बिहार विधान-सभा ।

बि0स0मु0 (एल0ए0), 83-डी0टी0पी0-450